**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## 'स्थापना दिवस पर बैटल ऑफ बैंड्स शो का आयोजन

पंतनगर। 13 नवम्बर 2025। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग एवं एल्यूमिनी एल्मामेटर एडवांसमेंट एसोसिएशन (4ए) के संयुक्त तत्वावधान में 'बैटल ऑफ बैंड्स' शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलसचिव डा. दीपा विनय द्वारा किया गया।

इस आयोजन का उद्देश्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों की कुल आठ प्रतिभाशाली बैंड टीमों ने अपनी मनमोहक संगीत प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों ने प्रतिभागियों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक पहचान को भी सशक्त बनाते हैं।

निर्णायक मंडल में डा. भावना, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना, डा. सलिल तिवारी, कृषि महाविद्यालय तथा श्रीमती अंजना श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद प्रस्ताव डा. किरन राणा द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. सुभाष चंद्रा, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना, सह–अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. राजीव रंजन, डा. छाया शुक्ला, डा. श्वेता राय, मुख्य संयोजक एवं सचिव डा. अनिल कुमार, छात्रावास अभिरक्षकगण, अभिरक्षिकाएँ तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे।




